# दर्शन दे मईया | By Sonu Chauhan

दर्शन दे मैया दर्शन दे
शेरोवाली मैया हमें दर्शन दे
मैं दर पे तेरे टेरता
श्रद्धा के फूल बिखेरता
दर्शन दे मैया दर्शन दे
शेरोवाली मैया हमें दर्शन दे

अकबर का तूने घटा दिया था मान
अभिमानी था तोड़ दिया अभिमान
आया था दर लाया छतर
तेरे नंगे पैरो दौड़ता
श्रद्धा के फूल बिखेरता
दर्शन दे मैया दर्शन दे
शेरोवाली मैया हमें दर्शन दे

हम तो मैया आये तेरे द्वार
क्यूँ ना हमको दिखा रही दीदार
बिनती सुनो संकट हनो
तेरे नाम की माला फेरता
श्रद्धा के फूल बिखेरता
दर्शन दे मैया दर्शन दे
शेरोवाली मैया हमें दर्शन दे

भक्तों का माँ करती हो उद्धार
रक्तबीज से तूने दीने मार
तारे तू भार, नए रूप धार
ना कोई संकट घेरता,
श्रद्धा के फूल बिखेरता
दर्शन दे मैया दर्शन दे
शेरोवाली मैया हमें दर्शन दे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-sonu-chauhan/